सोशल आडिट निदेशालय

ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0
7वाँ तल, पी.सी.एफ. भवन, 32, स्टेशन रोड, लखनऊ–226001
Phone No.: 0522-2630878, Fax.: 0522-4003787, E-mail: socialauditup@yahoo.in

पत्रांकः 681/सो.आ.नि.–318/2014
दिनाँकः 29 मार्च, 2014

प्रेषक,

निदेशक,
सोशल आडिट,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

समस्त जिला विकास अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

विषयः– वित्तीय वर्ष 2013–14 में संपन्न सोशल आडिट का सारांश एवं प्रतिवेदनों को भारत सरकार की वेबसाइट पर एम.आई.एस. फीडिंग बंद होने से पहले अपलोड किए जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया निदेशालय के पत्र 570/सो.आ.नि.–318/2014, दिनांक 03.02.2014 एवं वित्तीय वर्ष 2013–14 की द्वितीय छमाही के लिए सोशल आडिट रिपोर्ट को अपलोड करने संबंधी पत्रांक 204/सो0आ0नि0–318/2013, दिनांक 20 अगस्त, 2013, जो समस्त जिलाधिकारियों को सम्बोधित है, का सन्दर्भ लें। उक्त पत्र दिनांक 20.08.2013 के प्रस्तर–8 में यह अपेक्षा की गई है कि सोशल आडिट ग्रामसभा की बैठक होने के उपरान्त निर्धारित प्रारूप पर सोशल आडिट के निष्कर्षों को जिला सोशल आडिट कोआर्डिनेटर द्वारा भारत सरकार की वेबसाइट पर 5 दिन के अन्दर अपलोड किया जाएगा और निष्कर्षों एवं सोशल आडिट प्रतिवेदन की एक प्रति जिलाधिकारी को फालोअप कार्यवाही हेतु प्रेषित की जाएगी।

2. ज्ञातव्य है कि वित्तीय वर्ष 2013–14 समाप्ति की ओर है एवं भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात् एम0आई0एस0 की फीडिंग बंद कर दी जाती है। अतः अपने जनपद में वित्तीय वर्ष 2013–14 में संपन्न सोशल आडिट का सारांश एवं प्रतिवेदनों को भारत सरकार की वेबसाइट पर 31 मार्च, 2014 तक अपलोड किए जाने हेतु जिला सोशल आडिट कोआर्डिनेटर को निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(शंकर सिंह)
निदेशक।

पत्रांकः–681/सो0आ0नि0–318/2014, तद्‌दिनांक।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

(शंकर सिंह)
निदेशक।

Arun DT